26/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे।

0000000000000000000

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समेत पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्यों को मैदानी इलाकों के मुकाबले बुनियादी ढांचे के लिए ज्यादा फंड दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हाइड्रोपावर सेक्टर के लिए काफी संभावनाएं हैं। केंद्रीय मंत्री आज सिक्किम के गंगटोक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के ऊर्जा मंत्रियों के क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में बिजली उत्पादन और वितरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

0000000000000000000

राजनीतिक नेतृत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और क्षेत्रीय विकास में असाधारण योगदान के सम्मान में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन को शुक्रवार

को गुवाहाटी विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद उपाधि) से सम्मानित किया गया। असम के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और शिक्षा मंत्री डॉ. रानोज पेगू की मौजूदगी में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई।

0000000000000000000

आज विश्व पशु चिकित्सक दिवस है। इस अवसर पर आज वेस्ट सियांग जिले के **गुमिन किन हॉल**, आलो में **एनिमल हैल्थ टेक्स ए टीम** की थीम के साथ विश्व पशु चिकित्सक दिवस 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अरुणाचल प्रदेश पशु चिकित्सक संघ द्वारा राज्य के पशुपालन पशु चिकित्सा और डेयरी विकास विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में राज्य के सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामले, एवं खेल और युवा मामले के मंत्री श्री कैंतो जिनी, एएचवी एंड डीडी के सचिव श्री हागे तारी, वेस्ट सियांग उपायुक्त मामू हागे एवं अन्य गण्मान्य अतिथियों ने शिरकत की।

0000000000000000000

इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय, तेजू की एनएसएस और एनसीसी इकाइयों ने बेंबूसा लाइब्रेरी के सहयोग से कल शाम आईजीजी, कॉलेज, तेजू में पहली "कैप्टन केके वेंकटरमण स्मृति देशभक्ति समूह गीत प्रतियोगिता" का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता भारतीय सेना की छटी कुमाऊं रेजिमेंट द्वारा प्रायोजित की गई थी। इस आकर्षक संगीत प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 60 छात्र शामिल थे।

00000000000000000000

पासीघाट एडीसी तात्तींग पर्तिन और पासीघाट नगर निगम के कार्यकारी अभियंता इंजीनियर तादार तारांग की देखरेख में गत शुक्रवार को सियांग रॉयल अकादमी, बीएड कॉलेज, पासीघाट द्वारा पासीघाट स्थित कोमलीघाट में एक सोशल सर्विस अभियान का आयोजन किया। जिसका का उद्देश्य प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों के बीच स्वच्छता के लाभ और महत्व के बारे में जागरूकता को बढावा देना था।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, लेपा रादा, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, अंजाव, नामसाई, तिराप और चांगलांग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है। वहीं ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली और लोहित जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, विभाग के अनुसार इन जिलों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद विरोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की

रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें कहा गया है कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों की मदद कर सकता है और परिचालन प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

0000000000000000000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सिंधु नदी का एक भी बूंद पानी पाकिस्तान तक न पहुंचे। मंत्री ने कल नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लिया।